**STUDENTS OF MBA-RURAL DEVELOPMENT FIELD VISIT TO STUDY THE PROCEEDING OF JAN MANCH PROGRAMME** [NOVEMBER 2, 2019]

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्विषयक अध्ययन विभाग (Department of Interdisciplinary Studies) के एम0बी0ए0 ग्रामीण विकास के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनमंच कार्यक्रम की प्रक्रिया और आयोजन की बारीकियों को जानने के लिए शिमला जिला के जनमंच कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह जनमंच कार्यक्रम ठियोग विधानसभा क्षेत्र के नारकंडा विकास खण्ड में आयोजित हुआ। एम0बी0ए0 ग्रामीण विकास के छात्रों जिनमें मेघा भारद्वाज, रितेश सेन, सचिन राजटा, दिव्याशु और राहुल चौहान ने भाग लिया। छात्रों ने जनमंच कार्यक्रम में भाग लेने आए आम लोगों से चर्चा की तथा एक प्रश्नावली के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित की। इन सूचनाओं और जानकारियों के आधार पर एम0बी0ए0 ग्रामीण विकास की छात्रा अन्य के साथ मिलकर एक विस्तृत रिर्पोट भी लिखेगी जो डिग्री पूर्ण करने के लिए आवयक भी है। इस कार्यक्रम के अध्ययन हे तू इन छात्रों ने कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज व स्थानीय विधायक राकेश सिंघा से भी बात की किस प्रकार से ग्रामीण जनता के शिकायत निवारण में यह कार्यक्रम उयोगी सिद्व हो रहा है। इन छात्रों ने करीब 110 उन लोगों से एक प्रश्नावली के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित की जो इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी शिकायतें लेकर आए थे। कि किस प्रकार की उनकी शिकायत थी? क्या यह जनमंच के माध्यम से ही हल हो सकी है या नहीं? यह शिकायत कितने दिनों से लम्बित थी इत्यादि।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्विषयक अध्ययन विभाग के निदेशक आचार्य आर0पी0शर्मा ने कहा कि प्रदेश विश्वविद्यालय उतरीभारत के उन राज्यों के चुनिदा विश्वविद्यालयों में से है जहा पर ग्रामीण विकास में एम0बी0ए0 की डिग्री कराई जा रही है। इस एक मात्र मकसद है कि प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीबी उन्मूलन की अनेकों ग्रामीण विकास की योजनाओं को प्रभावी तरीके से धरातल तक क्रियान्वन हो और उन में आ रही चुनौतियों का अध्ययन कर के युवा ग्रामीण विकास के प्रौफेशनल तैयार करें। ताकि अपनी डिग्री पूर्ण करने तक ये छात्र ग्रामीण स्तर पर जाकर सिद्धान्तिक ज्ञान के साथा एक व्यावहारिक व जमीनी ज्ञान भी अर्जित कर सके। अंतर्विषयक अध्ययन विभाग के निदेशक ग्रामीण विकास के सभी शिक्षकों डॉ0 रतन सिंह चौहान, डॉ0 रणधीर सिंह रांटा, डॉ0 संजीव कुमार, डॉ0 बलदेव सिंह नेगी, डॉ0 ललित कुमार शर्मा व डॉ0 विजय कुमार शर्मा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सभी लोग छात्रों को फील्ड आधारित गतिविधियों के लिए प्रेरित करते रहते है ताकि छात्रों ज्यादा से ज्यादा व्यावहारिक अनुभव अपने ग्रामीण विकास का हो सके।

# EDUCATION NOTES

## MBA STUDENTS ATTEND JAN MANCH




Students of Himachal Pradesh University at the Jan Manch.

MBA (rural development) students of the department of interdisciplinary studies, Himachal Pradesh University, attended the Jan Manch at Narkanda in Shimla. They interacted with Education Minister Suresh Bhardwaj and CPM MLA Rakesh Singha. The students also talked to 110 complainants and enquired about the nature, pendency and resolution of the complaints. They asked if these problems could be resolved without coming to the Jan Manch. Director of the institute Prof RP Sharma said Himachal Pradesh University was one of few universities in North India where rural development was taught as a subject at the postgraduate level and the purpose of the visit was to enable the students to acquaint themselves with the ground reality.

## TEACHERS' BODY ELECTIONS ON NOV 9



# एमबीए ग्रामीण विकास के छात्रों ने जानी जनमंच कार्यक्रम की बारीकियां

### अर्जित अनुभवों को रिपोर्ट में देंगे स्थान

शिमला, 3 नवंबर (ब्यूरो) : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्विषयक अध्ययन विभाग के एमबीए ग्रामीण विकास के छात्रों ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनमंच कार्यक्रम की बारीकियों को जानने के लिए हिस्सा लिया। यह जनमंच कार्यक्रम ठियोग विधानसभा क्षेत्र के नारकंडा विकास खण्ड में आयोजित हुआ। जिसमें एमबीए ग्रामीण विकास के छात्रों मेघा भारद्वाज, रितेष सेन, सचिन राजटा, दिव्याशु और राहुल चौहान ने भाग लिया। छात्रों ने जनमंच कार्यक्रम में भाग लेने आए लोगों से चर्चा की और एक प्रश्नावली के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित की। इन सूचनाओं और जानकारियों के आधार पर एमबीए ग्रामीण विकास की छात्रा अन्य के साथ मिलकर एक विस्तृत रिपोर्ट भी लिखेगी जो डिग्री पूर्ण करने के लिए आवश्यक भी है। कार्यक्रम के अध्ययन के लिए छात्रों ने कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज व स्थानीय विधायक राकेश सिंघा से भी बात कि किस प्रकार से ग्रामीण जनता के शिकायत निवारण में यह कार्यक्रम उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

# एम.बी.ए. ग्रामीण विकास के विद्यार्थियों ने जानी जनमंच कार्यक्रम की प्रक्रिया

## 110 लोगों से सूचनाएं एकत्रित कर प्रश्नावली की तैयार

शिमला, 3 नवम्बर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर विषयक अध्ययन विभाग के एम.बी.ए. ग्रामीण विकास के विद्यार्थियों ने जनमंच कार्यक्रम की प्रक्रिया और आयोजन की बारीकियों को जानने के लिए शिमला जिला के जनमंच कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह जनमंच कार्यक्रम ठियोग विधानसभा क्षेत्र के नारकंडा विकास खंड में आयोजित हुआ।

एम.बी.ए. ग्रामीण विकास के विद्यार्थियों में मेघा भारद्वाज, रितेश सेन, सचिन राजटा, दिव्यांशु और राहुल चौहान ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने जनमंच कार्यक्रम में भाग लेने आए आम लोगों से चर्चा की तथा एक प्रश्नावली के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित कीं।

इन सूचनाओं और जानकारियों के आधार पर एम.बी.ए. ग्रामीण विकास के विद्यार्थियों ने अन्य के साथ मिलकर एक विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार की जो डिग्री पूर्ण करने के लिए भी आवश्यक है।इस कार्यक्रम के अध्ययन के लिए इन विद्यार्थियों ने शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज व विधायक राकेश सिंघा से भी मुलाकात की और चर्चा की कि किस प्रकार ग्रामीण जनता के शिकायत निवारण में यह कार्यक्रम उपयोगी साबित हो रहा है। इन विद्यार्थियों ने करीब 110 उन लोगों से एक प्रश्नावली के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित कीं जो इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी शिकायतें लेकर आए थे।

अंतर विषयक अध्ययन विभाग के निदेशक प्रो. आर.पी. शर्मा ने कहा कि प्रदेश विश्वविद्यालय उत्तरी भारत के उन राज्यों के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में से है, जहां पर ग्रामीण विकास में एम.बी.ए. की डिग्री करवाई जा रही है।उन्होंने एम.बी.ए. ग्रामीण विकास के सभी शिक्षकों डा. रतन सिंह चौहान, डा. रणधीर सिंह रांटा, डा. संजीव कुमार, डा. बलदेव सिंह नेगी, डा. ललित कुमार शर्मा व डा. विजय कुमार शर्मा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये सभी शिक्षक विद्यार्थियों को फील्ड आधारित गतिविधियों के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

पंजाब केसरी ई-पेपर Mon, 04 November 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/4

# एचपीयू के छात्रों ने समझी जनमंच की कार्यप्रणाली

सिटी रिपोर्टर-शिमला



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर विषयक अध्ययन विभाग के एमबीए ग्रामीण विकास के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनमंच कार्यक्रम की प्रक्रिया और आयोजन की बारीकियों को जानने के लिए शिमला जिला के जनमंच कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह जनमंच कार्यक्रम ठियोग विधानसभा क्षेत्र के नारकंडा विकास खंड में आयोजित हुआ। एमबीए ग्रामीण विकास के छात्र जिनमें मेघा भारद्वाज, रितेष सेन, सचिन राजटा, दिव्याशु और राहुल चौहान ने भाग लिया। छात्रों ने जनमंच कार्यक्रम में भाग लेने आए आम लोगों से चर्चा की तथा एक प्रश्नावली के माध्यम से सूचनाएं एकत्रित कीं। इन सूचनाओं और जानकारियों के आधार पर एमबीए ग्रामीण विकास की छात्रा अन्य के साथ मिलकर एक विस्तृत रिपोर्ट भी लिखेंगी जो डिग्री पूर्ण करने के लिए आवश्यक भी है। इस कार्यक्रम के अध्ययन के लिए गए इन छात्रों ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज व स्थानीय विधायक राकेश सिंघा से भी बात की। वहीं यह जाना कि किस प्रकार से ग्रामीण जनता के शिकायत निवारण में यह कार्यक्रम उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

दिव्य हिमाचल Mon, 04 November 2019
https://epaper.divyahimachal